देश के डाटा सेंटर बाजार में बढ़ रहा आकर्षण, 21 अरब डॉलर का निवेश

नई दिल्ली। देश में डाटा सेंटर उद्योग में लगातार तेजी देखी जा रही है और यह निवेशकों के लिए एक आकर्षक क्षेत्र बन गया है। निवेशकों ने चालू वर्ष की पहली छमाही के दौरान डाटा सेंटर बाजार में 21.4 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। सीबीआरई की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, हालिया वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इस क्षेत्र में निवेशकों की रुचि बढ़ी हुई है। भारत में डाटा सेंटर की क्षमता 2020 से दोगुनी होकर 2023 की पहली छमाही तक 880 मेगावॉट तक पहुंच गई। इसके 2023 अंत तक 1,048 मेगावॉट पहुंचने की उम्मीद है। एजेंसी

इसलिए बढ़ रहा निवेश

तेज डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार, 5जी, कृत्रिम मेधा (एआई), ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के कारण भारत में डाटा सेंटर उद्योग में लगातार निवेश आ रहा है।

निवेश पाने वाले शीर्ष राज्यों में उत्तर प्रदेश भी

सीबीआरई के अध्यक्ष एवं सीईओ (भारत-दक्षिण पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया व अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा, 2018 से 2023 की पहली छमाही तक भारत ने 35 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है। निवेश प्रतिबद्धता हासिल करने वाले शीर्ष राज्यों में महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के साथ उत्तर प्रदेश भी शामिल हैं।